प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 20.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. विश्व आर्थिक मंच की बैठक में झारखंड सरकार और टाटा स्टील के बीच 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश पर समझौता, मुख्यमंत्री ने कहा औद्योगिक विकास पर सरकार का जोर।

2. भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय, आज होगी औपचारिक घोषणा।

3. केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले आज रहेंगे झारखंड के दौरे पर, रांची में मीडिया से होंगे रू–ब–रू।

4. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान बढ़ाकर सात दशमलव तीन प्रतिशत किया।

5. सिमडेगा बालिका हॉकी टीम ने बिहार के राजगीर में आयोजित महामना हॉकी गोल्ड कप में जीत से की शुरुआत. बीएसएसए को तीन शून्य से किया पराजित।

*********************

स्विटजरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने टाटा स्टील के साथ बैठक की। इस दौरान टाटा स्टील और झारखंड सरकार के बीच राज्य में न्यू एज ग्रीन स्टील टेक्नोलॉजी के तहत 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता हुआ। इस निवेश के अंतर्गत हिरसाना ईज़ी एंड मेल्ट टेक्नोलॉजी में सात हजार करोड़ रुपये, कॉम्बी मिल परियोजना में एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये तथा टिनप्लेट विस्तार परियोजना में दो हजार छह सौ करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। ये सभी परियोजनाएं पर्यावरण–अनुकूल ग्रीन स्टील तकनीक पर आधारित होंगी, जिनमें नीदरलैंड और जर्मनी की उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड सरकार सतत औद्योगिक विकास, स्वच्छ तकनीक और स्थानीय रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम के दौरान विश्व आर्थिक मंच की ओर से मुख्यमंत्री को व्हाइट बैज प्रदान किया गया।

*********************

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नबीन पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे। पार्टी के नेशनल रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। हालांकि, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा आज की जाएगी। श्री लक्ष्मण ने बताया कि नितिन नबीन के पक्ष में नामांकन पत्रों के 37 सेट प्राप्त हुए हैं।

*********************

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले आज रांची के दौरे पर रहेंगे। वे दोपहर साढ़े 12 बजे मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथि गृह में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इस वार्ता का आयोजन पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा किया गया है। इस दौरान श्री अठावले केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक न्याय से जुड़ी प्राथमिकताओं पर जानकारी साझा कर सकते हैं।

*********************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य शिकायतें सामने आईं, जिसके समाधान का निर्देश दिया गया। वहीं लोगों की शिकायत के बाद इटकी के अंचल अधिकारी को शो–कॉज और नगड़ी के राजस्व कर्मचारी पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। श्रीभजंत्री ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य एक ही मंच पर सभी विभागों की उपस्थिति में लोगों की समस्याओं का समाधान करना है।

*********************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य के बैंकर्स के साथ अबुआ दिशोम बजट 2026–27 को लेकर बजट पूर्व परामर्श बैठक की। राजधानी रांची में आयोजित इस बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के रजत वर्ष में प्रस्तुत होने वाला यह बजट "मंइयाँ सम्मान–मंइयाँ उत्थान" को समर्पित, यूनिक, मजबूत और जनहितकारी होगा तथा अन्य राज्यों के लिए मिसाल बनेगा। बैठक में बैंकर्स से प्राप्त सुझावों को बजट में शामिल करने का आश्वासन दिया गया और नारी सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बतायी गई। बैंकर्स ने महिलाओं के उत्थान के लिए राज्य के कम से कम 100 गांवों को गोद लेने पर सहमति जताई।

*********************

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष–आईएमएफ ने वर्ष 2025 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान शून्य दशमलव सात अंक बढ़ाकर सात दशमलव तीन प्रतिशत कर दिया है।

*********************

धनबाद जिले में गाड़ियों की तेज रफ्तार से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपायुक्त आदित्य रंजन ने ट्रैफिक पुलिस को अतिरिक्त स्पीड गन लगाने का निर्देश दिया है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में श्रीरंजन ने यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवालों से जुर्माना वसूलने का भी निर्देश दिया।

बैठक के दौरान ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि सड़क पर लाइट नहीं जलने के कारण सड़क दुर्घटना होगी तो प्राथमिकी में एनएच को भी पार्टी बनाया जाएगा।

*********************

राज्य में शीतलहर का असर कम होने लगा है और धूप खिलने से तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है।

*********************

बिहार के राजगीर में चल रहे महामना हॉकी गोल्ड कप की अंडर 16 प्रतियोगिता में हॉकी सिमडेगा की बालिका टीम ने बिहार स्टेट स्पोर्ट्स अथॉरिटी – बीएसएसए की टीम को तीन शून्य से हराकर शानदार जीत दर्ज की। सिमडेगा टीम की ओर से पहला गोल टीम की कप्तान बेरतीला केरकेट्टा ने किया. जबकि दूसरा गोल सानिया तिर्की और तीसरा गोल राजमुनि कुमारी ने किया।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विश्व आर्थिक मंच की बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने विश्व आर्थिक मंच के हवाले से लिखा है– टाटा झारखंड में करेगा 11 हजार करोड़ का ग्रीन स्टील निवेश।

हिन्दुस्तान ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है, जिसका शीर्षक है भाजपा में अब नबीन युग।

प्रभात खबर और दैनिक जागरण ने सोना चांदी की कीमतों में तेजी की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है।

*********************